**Dainik Bhaskar (Indore), 08th August 2023, Page - 05**

# IIT के इन्क्यूबेशन सेंटर को 5.25 करोड़ फंड मिला

## 20 स्टार्टअप प्राप्त कर रहे मेंटरिंग, 33 और जुड़ेंगे




भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर द्वारा संचालित इन्क्यूबेशन सेंटर एस फाउंडेशन को 5.5 करोड़ का अतिरिक्त फंड प्राप्त हुआ। इसकी मदद से अब आईआईटी 33 नए स्टार्टअप खुद से जोड़ सकेगा। वर्तमान में ऐस फाउंडेशन में 20 स्टार्टअप मेंटरिंग प्राप्त कर रहे हैं। वहीं आईआईटी के दूसरे इन्क्यूबेशन सेंटर दृष्टि सीपीएस में 22 स्टार्टअप हैं जिसे मिलाकर कुल 42 स्टार्टअप मेंटरिंग प्राप्त कर रहे। आने वाले साल में यह संख्या बढ़कर 77 हो सकती है।

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस जोशी ने बताया आईआईटी इंदौर के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए केंद्र ने अपने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड के माध्यम से यह अतिरिक्त अनुदान देने की घोषणा की। इससे संस्था में और अधिक कंपनियों को फंडिंग प्राप्त करने में, टेक्नोलॉजी पर काम करने और अपने प्रोडक्ट को बाजार में लाने के लिए मदद कर सकेंगे।

### जल्द ही बुलाएंगे आवेदन, की जाएगी स्क्रीनिंग

आने वाले समय में स्टार्टअप चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें सभी इच्छुक स्टार्टअप से आवेदन बुलवाए जाएंगे और उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी। वर्तमान में ऐस फाउंडेशन से 20 स्टार्टअप जुड़े हुए हैं और प्रत्येक स्टार्टअप को अधिकतम 15 लाख रुपए की फंडिंग आईआईटी द्वारा दी जाती है। इससे अधिक फंडिंग के लिए आईआईटी इंदौर उन्हें अन्य फंडिंग एजेंसियों से संपर्क करने में मदद करता है। ऐस फाउंडेशन के माध्यम से टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप को मेंटरिंग दी जाती है।

वहीं दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन माध्यम से अब तक 2.2 करोड़ रुपए की फंडिंग इन स्टार्टअप को प्रदान की जा चुकी है। दृष्टि में एआई और मशीन लर्निंग से जुड़े स्टार्टअप को सहयोग प्रदान किया जाता है।